University in News on 30 November 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि में 17 से परीक्षाएं शुरू करने की तैयारी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीए, बीएससी और बीकॉम में तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के लिए प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम शुक्रवार को जारी कर दिया। परीक्षाएं 17 दिसंबर से शुरू करने की तैयारी है।

विस्तृत कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इससे किसी छात्र को कोई आपत्ति होती है तो परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दो दिसंबर शाम पांच बजे तक उसे दर्ज करा सकता है। इसके बाद अंतिम परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

प्रस्तावित कार्यक्रम में बीए तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 17 दिसंबर से शुरू होकर 15 जनवरी तक चलेगी। बीए पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 17 दिसंबर से 27 जनवरी के बीच होगी।

बीकॉम तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 18 से 30 दिसंबर और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 17 से 27 दिसंबर तक चलेगी। बीएससी तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 17 दिसंबर से 06 जनवरी और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 17 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच होगी।

बीए, बीएससी व बीकॉम का प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी

10 तक भरें पहले सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म

लविवि परीक्षा विभाग ने पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए भी परीक्षा फॉर्म जारी कर दिए हैं। जो विवि की वेबसाइट पर 10 दिसबंर तक भरे जाएंगे। विद्यार्थी एलयूआरएन पंजीकरण नंबर से वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर फॉर्म भर सकते हैं। 13 दिसंबर तक हर हाल में इसका प्रिंट परीक्षा विभाग में जमा करना होगा। किसी तरह की समस्या आने पर हेल्पलाइन 789999211, 7897992064 और व्हाट्सएप नंबर 7897992062 पर संपर्क किया जा सकता है।

खेल और गायन में दिखाई प्रतिभा

संस्कृति सुरभि : लविवि के नवीन परिसर में पुरस्कार वितरण आज

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में चल रहे खेलों और सांस्कृतिक आयोजनों के महाकुंभ संस्कृति सुरभि के चौथे दिन शुक्रवार को रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ।

खेल मैदान के मंच से प्रतिभागियों ने गायन से समां बांध दिया। इसके साथ ही फुटबॉल रस्साकशी व शतरंज के जैसे रोमांचक मुकाबले भी हुए। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने साथियों का उत्साह बढ़ाया।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रयिगिताओं के विजेताओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इन्हें शनिवार को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही डीजे नाइट के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, ला फैकल्टी के डीन प्रो. बीडी सिंह, प्रो. आरके सिंह, प्रो. अनुराग श्रीवास्तव की मौजूदगी रहेगी।

लविवि के नए कैंपस में बुधवार को फुटबॉल का मुकाबला हुआ। गायन की भी प्रस्तुति हुई। -संवाद

स्टार्टअप में वित्त की समस्या से निपटने के विद्यार्थियों को बताए उपाय

लखनऊ। लविवि में वाणिज्य विभाग ने महिला अध्ययन संस्थान के सहयोग से उद्यमिता एवं कौशल विकास विषय पर विशेष कार्यशाला की। इसका उद्देश्य राज्य की महिलाओं को स्वावलंबी बनाना रहा। मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इनर सोल वेल बीइंग प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि किस प्रकार नए निवेशक स्टार्टअप की वित्त की समस्या को हल कर सकते हैं। इसके लिए उन्होंने सरकारी योजनाओं, इनक्यूबेशन सेंटर, क्राउड फंडिंग, बैंक लोन जैसी सेवाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. राममिलन, प्रो. अवधेश त्रिपाठी आदि थे। (संवाद)

लविवि : आज से डाउनलोड कर सकेंगे पीएचडी परीक्षा के प्रवेश पत्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सात और आठ दिसंबर को पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदकों का रीसर्च एंट्रेंस टेस्ट होगा। इसमें शामिल होने के लिए आवेदन करने वाले शनिवार से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि विवि की वेबसाइट पर पंजीकरण नंबर के माध्यम से ऐसा किया जा सकेगा। (संवाद)

संस्कृति सुरभि में छात्रों ने दिखाई रचनात्मकता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में संस्कृति सुरभि के चौथे दिन कई तरह की प्रतियोगिताएं हुईं। लगभग चार हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। एलयू स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी अध्यक्ष डॉ. उग्रसेन वर्मा ने बताया कि अंग्रेजी लेख सृजन में वैष्णवी कुमारी, हिंदी में मेघा कुमारी, हिंदी कविता वाचन में दिव्यांश मिश्रा और अंग्रेजी में अथर्व शर्मा विजेता रहे।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू में स्नातक परीक्षाएं 17 दिसंबर से

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2024-25 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों का अनंतिम परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। विद्यार्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर शेड्यूल देख सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना भी जारी कर दी गई है।

02 दिसंबर तक भेजे जा सकते हैं सुझाव

- शैक्षिक सत्र 2024-25 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत अनंतिम परीक्षा कार्यक्रम जारी

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एलयू और संबद्ध कॉलेजों में अध्ययनरत स्नातक विषम सेमेस्टर 2024 की बीए, बीएससी और बीकॉम तृतीय व पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं का अनंतिम परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। जिसके अनुसार बीए तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 दिसंबर से 15 जनवरी और पंचम सेमेस्टर की 17 दिसंबर से 27 जनवरी तक आयोजित होंगी। बीए का अनंतिम परीक्षा कार्यक्रम सांख्यिकी, गणित व मानवशास्त्र को छोड़कर अन्य सभी विषयों का घोषित किया गया है।

जबकि बीकॉम एनईपी तृतीय सेमेस्टर की 18 से 30 दिसंबर और पंचम सेमेस्टर की 17 से 27 दिसंबर तक होंगी। इसी तरह बीएससी, बीए सांख्यिकी, गणित व मानवशास्त्र तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 दिसंबर से छह जनवरी और पंचम सेमेस्टर की 17 दिसंबर से 15 जनवरी तक कराए जाने की योजना है।

मेल या फोन से भेजें सुझाव

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि विवि के विभागाध्यक्ष, निदेशक व समन्वयक और संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्य यदि कोई सुझाव देना चाहते हैं तो वह दो दिसंबर तक भेज सकते हैं। उन्हें परीक्षा नियंत्रक की ई-मेल आईडी या मोबाइल नंबर पर सुझाव लिखकर भेजना होगा।

एलयू में कविता लेखन, गीत प्रतियोगिताएं हुईं

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार और उमा हरिकृष्ण अवस्थी सभागार में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती के तहत राष्ट्रीय एकता दिवस के मनाया गया। प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने शुभारंभ किया। भाषण, एक पात्रीय नाट्य प्रतियोगिता, कविता लेखन, निबंध लेखन और देशभक्ति गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

विद्यार्थियों को कामयाबी के सूत्र बताए

लखनऊ। एलयू के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) में डिकोडिंग पर्सनल एंड प्रोफेशनल सक्सेस पर विशेष व्याख्यान हुआ। ओएसडी प्रो. विनीता कोचर ने शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनजमेंट के सलाहकार प्रो. वीरेंद्र पी. सिंह रहे। उन्होंने जीवन में सफलता का महत्व बताया। सफल लोगों के लिए स्टीफन कोवे की सात आदतों जीने, सीखने, प्यार करने, विरासत छोडने की अवधारणा आदि के बारे में बताया।

i-NEXT PAGE 3

एलयू में आ गए एग्जाम के फार्म

LUCKNOW (29 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को बीए, बीएससी व बीकाम प्रथम सेमेस्टर (नियमित) स्टूडेंट्स के परीक्षा फार्म जारी कर दिए. स्टूडेंट्स 10 दिसंबर तक वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से आनलाइन परीक्षा फार्म भर सकते हैं.

रसीद जमा करें

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि यूनिवर्सिटी और सहयुक्त महाविद्यालयों के सत्र 2024-25 में प्रवेशित स्टूडेंट्स का परीक्षा फार्म लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर पर किए गए रजिस्ट्रेशन के माध्यम से भरा जाएगा. एलयू के स्टूडेंट्स को परीक्षा फार्म भरकर सेमेस्टर फीस की रसीद के साथ संबंधित विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना होगा.

एलयू में आज मिलेंगे पीएचडी के एडमिट कार्ड

प्रवेश परीक्षा सात और आठ दिसंबर को कराई जाएगी

44 विषयों में 930 सीटों पर एडमिशन

LUCKNOW (29 NOV): एलयू ने पीएचडी (रेगुलर) दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा की फाइनल समय सारिणी शुक्रवार को जारी कर दी. प्रवेश परीक्षा सात व आठ दिसंबर को ही होगी. समय सारिणी में कोई बदलाव नहीं किया गया है. अभ्यर्थी शनिवार से अपना एडमिट कार्ड एलयू की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर लागिन आईडी व पासवर्ड का प्रयोग कर डाउनलोड कर सकेंगे. प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव ने इसकी सूचना जारी की है. एलयू के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम पर 23 नवंबर तक ऐसे अभ्यर्थियों से सूचना मांगी थी, जिन्होंने एक से अधिक विषय के लिए आवेदन किया है और उन विषयों की प्रवेश परीक्षा एक ही पाली में निर्धारित है, लेकिन इस तरह की कोई सूचना नहीं आई.

एलयू ने अपनी वेबसाइट पर पीएचडी की सीटों का विवरण फिर अपडेट किया है. जारी आंकड़ों के अनुसार विश्वविद्यालय एवं कालेजों में रेगुलर पीएचडी के 44 विषयों की 930 सीटों पर प्रवेश का मौका मिलेगा. प्रवेश परीक्षाओं का समय सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर दो से 3:30 बजे तक रहेगा.

सेमेस्टर एग्जाम 17 दिसंबर से शुरू

LUCKNOW (29 Nov): लखनऊ विश्वविद्यालय की यूजी थर्ड व फिफ्थ सेमेस्टर के एग्जाम 17 दिसंबर से शुरू होंगे. परीक्षा विभाग ने शुक्रवार को इसका प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि प्रस्तावित समय सारिणी पर दो दिसंबर तक आपत्ति दे सकते हैं.

AMRIT VICHAR PAGE 4

10 तक भरे जाएंगे फार्म, 17 से परीक्षाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया कार्यक्रम, कॉलेजों में पोर्टल की दिक्कतों से हुई देरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय ने परीक्षा फार्म जारी कर दिया है। पोर्टल पर डाटा अपलोड नहीं होने के कारण विश्वविद्यालय का परीक्षा कार्यक्रम में विलंब हो रहा था। अब इसे जारी कर दिया गया है। 10 दिसंबर फार्म भरने की अंतिम तिथि है, परीक्षाएं 17 दिसंबर से शुरू कर दी जाएंगी। राजधानी के दूसरे विवि पहले ही परीक्षाओं की प्रक्रिया शुरु हो कर चुके हैं। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में परीक्षा फॉर्म भरना पहले ही शुरू हो गए थे। भाषा विवि व शकुंतला विश्वविद्यालय में भी परीक्षा फार्म भरे जा चुके हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालयों के स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा आदि की विषम सेमेस्टर दिसंबर-2024 के बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के नियमित छात्रों के ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर है। इन छात्रों को अपना परीक्षा फार्म एलयूआरएन पर रजिस्ट्रेशन के आधार पर ही भरना है। विश्वविद्यालय के छात्रों को परीक्षा फार्म भरने के बाद कोई भी शुल्क नहीं देना है बल्कि सेमेस्टर की शुल्क रसीद अपने संबंधित संकायों में जमा करना है।

सहयुक्त महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन परीक्षा फार्म के साथ विश्वविद्यालय का निर्धारित शुल्क अपने महाविद्यालयों में जमा करना होगा।

फार्म में गलती सुधार के लिए हेल्प लाइन

छात्र-छात्राओं को परीक्षा फॉर्म भरते समय गलती होने या सुधार करने के लिए 7897992062, 7897999211, 7897992064, 0522 4150500 पर संपर्क कर सकते हैं।

परीक्षा कार्यक्रम

बीए- सेमेस्टर तीन व पांच (नियमित) की परीक्षाएं आगामी 17 दिसंबर से शुरु होकर 28 जनवरी तक चलेंगी। बीकॉम सेमेस्टर तीन व पांच की परीक्षाएं 18 दिसंबर से प्रारंभ होकर 28 दिसबर को समाप्त हो रही हैं। इसीप्रकार बीएससी सेमेस्टर तीन और बीए सेमेस्टर तीन (सांख्यिकी, गणित, एंथ्रोपोलाजी) की परीक्षाएं 17 दिसंबर से शुरू होकर 6 जनवरी तक चलेंगी। बीएससी सेमेस्टर पांच और बीए सेमेस्टर पांच (गणित, सांख्यिकी और एंथ्रोपोलाजी) की परीक्षाएं 17 दिसंबर से शुरू होकर 15 जनवरी तक चलेंगी। छात्र अपने विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

तीन छात्र-छात्राओं का बिहार लोक सेवा आयोग में चयन

अमृत विचार, लखनऊः विधि विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के तीन छात्र-छात्राओं अभिषेक सिंह, प्रकाश कुमार और शिवानी श्रीवास्तव का बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में चयन हुआ है। कुलपति और विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर बंशीधर सिंह व अन्य सभी शिक्षकों द्वारा चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी गई।

पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 7 व 8 को

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विवि में सत्र 2024-25 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन आगामी 7 व 8 दिसंबर को किया गया है। परीक्षा लविवि परिसर में आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की बेवसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

संस्कृति सुरभि : छात्रों ने खेलकूद में दिखाया दमखम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। संस्कृति सुरभि के चौथे दिन का आगाज भी बहुत शानदार रहा। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर के खेल मैदान के मंच पर गायन के प्रतियोगियों ने समाँ बाँध दिया, पूरे मैदान मे उपस्थित श्रोतावो एवं चल रही अन्य खेलों के प्रतिस्पधाओं के प्रतियोगी भी संगीत के सरगम से झूमते दिखे। आज चौथे दिन विभिन्न खेलों मे लगभग 4000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग लिया। उधर हिंदी और अंग्रेजी भाषाओ के सर्जनात्मक लेखन प्रतियोगिता के परिणाम आ गए।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अलोक कुमार राय ने लखनऊ विश्वविद्यालय मे आये हुए सभी प्रतियोगियों को बधाई एवं जीत की शुभकामनायें दी। कमेटी के निदेशक प्रो. सतीश चंद्र ने बताया की सभी विजेताओं के मेडल एवं ट्राफीज कल शाम को ही वितरित कर दिए जायेंगे। लॉ फैकल्टी के डीन प्रो. बीडी सिंह ने जीते हुए सभी विजेताओं को अपनी शुभकामनायें व्यक्त किया। स्पोर्ट्स इंचार्ज डाड्ट अनुराग श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियो को प्रोत्साहित किया। कमेटी के अध्यक्ष डा उग्रसेन वर्मा ने बताया की कल संस्कृति सुरभि के सभी खेलों के विजेताओं के मेडल और ट्राफी कल शाम 4 बजे से लेकर 9 बजे तक वितरित किये जायेंगे। अंग्रेजी लेख सृजन मे वैष्णवी कुमारी ने प्रथम, शक्लेन उल्लाह खान द्वितीय एवं श्रेया अग्रवाल ने तीसरा स्थान हासिल किया वही हिंदी मे मेघा कुमारी प्रथम, उत्कर्ष पाण्डेय द्वितीय एवं योगिता बिंद तीसरे स्थान पर रही। वही हिंदी कवितावाचन प्रतियोगिता मे दिव्यांश मिश्रा प्रथम, अमृता गुप्ता द्वितीय, शिवांश मिश्रा ने तृतीय स्थान हासिल किया। वही अंग्रेजी मे अथर्व शर्मा, अनुष्का श्रीवास्तव एवं मोहम्मद ओवैस क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करके अपने प्रतिभा का परिचय दिया। वही इंग्लिश डिबेट के सर्वश्रेष्ठ स्पीकर खिताब विजेता सुमैना खान रही एवं उप-विजेता अथर्व शर्मा रहे। भूमिका वाजपेई एवं जारा शोयब ने अपने दमदार प्रदर्शन बदौलत तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। वही लड़कों के शार्टपुट मे पहला स्थान शौर्य सिंह एवं उप-विजेता युवराज सिंह रहे, इसी प्रतियोगिता के लड़कियो मे प्रथम स्थान निधि सिंह दूसरा नंदिनी मिश्रा एवं तीसरा अनाया मलिक रही। पुरुषो के टक आफ वार मे विधि संकाय के छात्र प्रथम स्थान पर एवं सिटी लॉ दूसरे स्थान पर रहे वही महिलाओ मे सिटी ला कालेज की टीम प्रथम स्थान एवं आईटी कॉलेज की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया।

JAGRAN CITY PAGE III

स्नातक पहले व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से

लवि ने जारी किया प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम दो दिसंबर तक मांगीं आपत्तियां

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 दिसंबर से शुरू होंगी। परीक्षा विभाग ने शुक्रवार को इसका प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। छात्र-छात्राएं लवि की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर इसे देख सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि प्रस्तावित समय सारिणी पर दो दिसंबर तक ईमेल coe@lkouniv.ac.in अथवा वाट्सएप नंबर 7991200506 पर सुझाव दिए जा सकते हैं। स्नातक तीसरे व पांचवें सेमेस्टर में लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर व रायबरेली के सम्बद्ध कालेजों को मिलाकर करीब पौने तीन लाख छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक व दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी।

बीए, बीएससी व बीकाम प्रथम सेमेस्टर परीक्षा फार्म जारी : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को बी.ए, बी.एससी व बी.काम प्रथम सेमेस्टर (नियमित) छात्र-छात्राओं के परीक्षा फार्म जारी कर दिए। छात्र-छात्राएं 10 दिसंबर तक वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से आनलाइन परीक्षा फार्म भर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि लवि और सहयुक्त महाविद्यालयों के सत्र 2024-25 में प्रवेशित छात्र-छात्राओं का परीक्षा फार्म लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पर किए गए रजिस्ट्रेशन के माध्यम से भरा जाएगा। लवि के छात्र-छात्राओं को परीक्षा फार्म भरकर सेमेस्टर शुल्क की रसीद के साथ संबंधित विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना होगा। संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्षों को परीक्षा फार्म आनलाइन अग्रसारित होकर 13 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से परीक्षा कार्यालय में जमा करना है। कालेजों के विद्यार्थियों को आनलाइन परीक्षा फार्म भरकर शुल्क के साथ कालेज में ही जमा करना है। परीक्षा फार्म भरने में समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर 7897999211, 7897992064 और वाट्सएप नंबर 7897992062 पर संपर्क कर सकते हैं।



प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम

- बी.एससी : तीसरे, बी.ए तीसरे सेमेस्टर (एंथ्रोपोलाजी, स्टैटिस्टिक्स, मैथमेटिक्स) एनईपी रेगुलर एवं इम्प्रूवमेंट की परीक्षाएं 17 दिसंबर से छह जनवरी तक होंगी। बी.एससी पांचवें, बी.ए पांचवें सेमेस्टर (एंथ्रोपोलाजी, स्टैटिस्टिक्स, मैथमेटिक्स) एनइपी की परीक्षाएं 17 दिसंबर से 15 जनवरी तक होंगी।
- बी.काम : तीसरे सेमेस्टर (एनइपी) की परीक्षाएं 18 से 30 दिसंबर तक होंगी। बी.काम पांचवें सेमेस्टर (एनइपी) की परीक्षाएं 17 से 27 दिसंबर तक होंगी।
- बी.ए : तीसरे सेमेस्टर (एनइपी) (एंथ्रोपोलाजी, स्टैटिस्टिक्स, मैथमेटिक्स को छोड़कर) की परीक्षाएं 17 दिसंबर से 15 जनवरी तक रहेंगी। बी.ए पांचवें सेमेस्टर (एनइपी) (एंथ्रोपोलाजी, स्टैटिस्टिक्स, मैथमेटिक्स को छोड़कर) की परीक्षा 17 दिसंबर से 27 जनवरी तक होंगी।

आज जारी होंगे पीएचडी प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड, परीक्षा सात-आठ को

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 के पीएच.डी (रेगुलर) दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा की फाइनल समय सारिणी शुक्रवार को जारी कर दी। प्रवेश परीक्षा सात व आठ दिसंबर को ही होगी। समय सारिणी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अभ्यर्थी शनिवार से अपना एडमिट कार्ड लवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से लागिन आइडी व पासवर्ड का प्रयोग करके डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव ने इसकी सूचना जारी की है। लवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम पर 23 नवंबर तक ऐसे अभ्यर्थियों से सूचना मांगी थी, जिन्होंने एक से अधिक विषय के लिए आवेदन किया है और उन विषयों की प्रवेश परीक्षा एक ही पाली में निर्धारित है, लेकिन इस तरह की कोई सूचना नहीं आई। इसलिए समय सारिणी में बदलाव नहीं हुआ है।

44 विषयों में 930 सीटों पर होंगे प्रवेश : लवि ने अपनी वेबसाइट पर पीएचडी की सीटों का विवरण फिर अपडेट किया है। जारी आंकड़ों के अनुसार विश्वविद्यालय एवं कालेजों में रेगुलर पीएच.डी के 44 विषयों की 930 सीटों पर प्रवेश का मौका मिलेगा। प्रवेश परीक्षाओं का समय सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर दो से 3:30 बजे तक रहेगा। फाइनल समय सारिणी वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से डाउनलोड कर सकते हैं।

एकेटीयू में कौशल विकास के लिए कार्यशाला

डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला चल रही है। दूसरे दिन विशेषज्ञों ने फ्री इम्प्लायबिलिटी स्किल्स एनहैंसमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम आन वेब टेक्नोलाजी के विषय में बताया। कार्यशाला में संबद्ध संस्थानों के कंप्यूटर साइंस और आइटी के 160 छात्र भाग ले रहे हैं। ट्रेनर रोहित ने छात्रों को एचटीएमएल, सीएसएस, जावा स्क्रिप्ट और बूट स्ट्रेप जैसे जैसे विषयों की उपयोगिता बताई। कार्यशाला का शुभारंभ ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट की अधिष्ठाता प्रो. नीलम ने किया।

छोटे बच्चों ने देखे बड़े सपने

डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में शुक्रवार को सीतापुर के राजकीय हाईस्कूल भिटपुरा के कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और संसाधनों को देखा। बच्चों ने थ्री डी प्रिंटिंग लैब, गूगल कोडिंग लैब, रोबोटिक्स लैब, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन लैब, एआई लैब, साइबर सिक्योरिटी लैब, और नैनो लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने थ्री डी प्रिंटिंग तकनीक से माडल बनाने की प्रक्रिया को करीब से देखा और समझा। विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी केशव सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि परिश्रम व दृढ़ निश्चय से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

सुमैना बनीं सर्वश्रेष्ठ स्पीकर, अथर्व उपविजेता

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में चल रही संस्कृति सुरभि प्रतियोगिताओं में शुक्रवार को भी छात्र-छात्राओं ने खेल मैदान के मंच पर गायन से समां बांध दिया। चौथे दिन विभिन्न खेलों में लगभग 4000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। पूरे मैदान मे उपस्थित श्रोताओं एवं चल रही अन्य खेल प्रतिस्पर्धाओं के प्रतियोगी भी संगीत के सरगम में झूमते दिखे। शाम को हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं के सर्जनात्मक लेखन प्रतियोगिता के परिणाम आ गए। अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ स्पीकर खिताब की विजेता सुमैना खान के नाम रहा। दूसरे पर अथर्व शर्मा उप विजेता रहे। कमेटी के निदेशक प्रो. सतीश चंद्र ने बताया कि सभी विजेताओं को शनिवार को शाम चार बजे से पदक व ट्राफी वितरित की जाएगी। विधि संकाय के डीन प्रो. बीडी सिंह ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

इन प्रतियोगिताओं के परिणाम जारी : शाम को हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं के सर्जनात्मक लेखन प्रतियोगिता के परिणाम जारी किए गए। अंग्रेजी लेख सृजन में वैष्णवी ने प्रथम, सक्लेन उल्लाह खान दूसरा व श्रेया अग्रवाल ने तीसरा स्थान जीता। हिंदी में मेघा कुमारी प्रथम, उत्कर्ष दूसरे व योगिता बिंद तीसरे स्थान पर रहीं। हिंदी कविता वाचन में दिव्यांश मिश्रा प्रथम, अमृता गुप्ता द्वितीय, शिवांश मिश्रा ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंग्रेजी में अथर्व शर्मा प्रथम रहे।

लवि के द्वितीय परिसर में शुक्रवार को रस्साकशी प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाते छात्र। अन्य प्रतियोगिताओं में भी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई • सौजन्य : लवि

शाटपुट में शौर्य प्रथम

लड़कों के शाटपुट मे पहला स्थान शौर्य सिंह एवं उप-विजेता युवराज सिंह रहे। वहीं, लड़कियों में प्रथम स्थान निधि सिंह, दूसरा नंदिनी मिश्रा एवं तीसरा अनाया मलिक को मिला।

टग आफ वार में पहले स्थान पर रहा विधि संकाय

पुरुषों के टग आफ वार में विधि संकाय के छात्र प्रथम स्थान पर रहा। सिटी ला की टीम ने दूसरा स्थान पाया। महिलाओं में सिटी ला कालेज की टीम पहले और आइटी कालेज की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि में संस्कृति सुरभि का चौथा दिन

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में एपी सेन हॉल एवं उमा हरिकृष्ण अवस्थी सभागार में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं राष्ट्रीय एकता विषय पर अनेक प्रतियोगी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण, एक पात्रीय नाटक, कविता लेखन, निबंध लेखन एवं देशभक्ति गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई जो कार्यक्रम प्रथम चरण था। जबकि द्वितीय चरण का आयोजन लविवि में 6 दिसंबर को किया जाएगा तथा तृतीय एवं अंतिम चरणा का आयोजन राजभवन में 15 दिसंबर को किया जाएगा। भाषण में प्रथम स्थान संयुक्त रुप से उवर्सी सिंह एवं निशा राठौर, एक पात्रीय नाटक में अंकित कुमार यादव एवं विशाल राज को संयुक्त रुप से प्रथम, कविता लेखन में साक्षी अवस्थी, निबंध लेखन में सुमित सिंह एवं साक्षी आर्या को संयुक्त रुप से प्रथम स्थान मिला। जबकि देशभक्ति गीत में साक्षी अवस्थी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

TOI PAGE 2

Odd sem forms go online at LU

Lucknow University (LU) has opened its online examination forms for the odd semester examinations for the academic session 2024-25. Students appearing for the exams scheduled next month must submit their forms by Dec 10.

"The examination form for students admitted in the 2024-25 session at the university and its associated colleges is to be completed through registration on LURN," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.